समाहरणालय, पटना
(जिला प्रोग्राम कार्यालय (ICDS))

# समेकित बाल विकास सेवाएँ अंतर्गत पटना जिला के बाल विकास परियोजनाओं में आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु विज्ञापन

## विज्ञापन संख्या–10/2024

उप सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–6042 दिनांक–01.12.2022 द्वारा निर्गत आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका–2022, आई0सी0डी0एस0 निदेशालय पत्रांक–5530 दिनांक–24.09.2024 एवं पत्रांक–5621 दिनांक–27.09.2024 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में समेकित बाल विकास सेवाएँ अंतर्गत पटना जिला में आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु इच्छुक महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की जाती है।

1. परियोजनावार आँ0 सेविका/सहायिका की संख्यात्मक रिक्ति निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | परियोजना का नाम | रिक्ति | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आँ0 सेविका | आँ0 सहायिका |
| 1 | पटना | बख्तियारपुर–बेलछी | 14 | 48 |
| 2 | | बाढ़–अथमलगोला | 7 | 21 |
| 3 | | बिहटा | 9 | 50 |
| 4 | | बिक्रम | 3 | 43 |
| 5 | | दानापुर | 9 | 43 |
| 6 | | धनरूआ | 13 | 43 |
| 7 | | फतुहाँ–दनियावाँ | 17 | 28 |
| 8 | | मनेर | 19 | 39 |
| 9 | | मसौढ़ी | 9 | 31 |
| 10 | | मोकामा–घोसवरी | 9 | 10 |
| 11 | | नौबतपुर | 13 | 54 |
| 12 | | पालीगंज | 20 | 68 |
| 13 | | पंडारक | 5 | 17 |
| 14 | | फुलवारीशरीफ | 2 | 24 |
| 15 | | पटना ग्रामीण | 11 | 37 |
| 16 | | पटना सदर–1 | 7 | 20 |
| 17 | | पटना सदर–2 | 12 | 20 |
| 18 | | पटना सदर–3 | 13 | 10 |
| 19 | | पटना सदर–4 | 7 | 16 |
| 20 | | पटना सदर–5 | 12 | 13 |
| 21 | | पुनपुन–सह–सम्पतचक | 17 | 29 |
| 22 | | दुल्हिनबाजार | 2 | 18 |
| 23 | | खुशरूपुर | 5 | 18 |
| कुल योग:– | | | 235 | 700 |

**नोट:–पंचायत/वार्ड/सेक्टर/केन्द्र/आरक्षण/केन्द्र संख्या सहित परियोजनावार रिक्ति परिशिष्ट–1 में जिले की अधिकारिक वेबसाईट पर देखा जा सकता है।**

**2. ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की समय–सीमा निम्नवत् है:–**

**दिनांक–14.11.2024 से दिनांक–28.11.2024 के संध्या 05:00 बजे तक।**

(दिनांक–28.11.2024 के संध्या 05:00 बजे के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।)

**ऑनलाईन आवेदन से संबंधित सूचना पटना जिला के वेबसाईट http://patna.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट http://125.16.175.140:82 /VacancyList.aspx पर प्रदर्शित है एवं अभ्यर्थी इस वेबसाईट पर अपना पंजीकरण कर, आवेदन समर्पित करेंगी।**

इच्छुक महिला अभ्यर्थी आवेदन के साथ **स्वअभिप्रमाणित वांछित शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र/जाति प्रमाण पत्र/स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र/मैट्रिक अथवा समकक्ष शैक्षणिक योग्यता जिसमें आवेदिका की जन्मतिथि अंकित हो आदि कागजात अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किये जायेंगे।**

**3. <u>अर्हताएँ–</u>**

(i) आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से इन्टर (बारहवीं) अथवा समकक्ष उत्तीर्ण होगी।

(ii) सभी पदवार समर्पित आवेदनों में सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता (अतिरिक्त विषय को छोड़कर) वाले अभ्यर्थी का चयन सेविका/सहायिका पद पर किया जायेगा।

(iii) दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता समान रहने पर अधिक मेधा अंक वाले अभ्यर्थी का चयन सेविका/सहायिका पद पर किया जायेगा।

(iv) दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता एवं मेधा अंक भी समान रहने पर उनमें अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन सेविका/सहायिका पद पर किया जायेगा।

(v) आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन हेतु **रिक्ति के प्रकाशन की तिथि को उनकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा 35 वर्ष होगी।** आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका अधिकतम 65 वर्ष तक कार्य कर सकेंगी, जिसके पश्चात् वह स्वतः सेवा मुक्त हो जायेगी।

(vi) आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन हेतु **वार्ड का निवासी होना आवश्यक होगा।** आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार से निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसमें संबंधित वार्ड अंकित होना चाहिए।

**(vii) आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित पंचायत चुनाव/नगर निकाय चुनाव के लिए निर्धारित वार्ड की आरक्षित कोटि के अंतर्गत जो महिला अभ्यर्थी आती हो वही आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन के लिए योग्य होंगी।**

रिक्त वार्ड की आरक्षित कोटि में योग्य महिला अभ्यर्थी के उपलब्ध नहीं होने पर क्रमानुसार अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अति पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक सहित)/पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक सहित)/सामान्य वर्ग (अल्पसंख्यक सहित) के उम्मीदवार को चयनित किया जायेगा।

4. निरर्हता –

ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें किसी न्यायालय से दण्डित किया गया हो अथवा सेविका/सहायिका को अनियमितता के आरोप में चयनमुक्त कर दिया गया हो, आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका के पद पर चयन के लिए अर्हता धारित नहीं करेंगे।

5. कार्यरत आँगनबाड़ी सहायिका भी सेविका पद हेतु आवेदन कर सकती हैं। **सेविका पद पर प्रोन्नति हेतु सहायिका को निम्न अर्हता प्राप्त होनी चाहिए:–**

**(क) कम से कम पाँच वर्षों का सहायिका पद पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो**

**(ख) सेविका चयन हेतु निर्धारित मानदण्ड एवं अन्य सभी अर्हताएँ पूर्ण करती हों।**

(उक्त अर्हता पूर्ण करने वाले सहायिका अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी)

6. आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका किसी भी प्रयोजन के लिए सरकारी सेवक नहीं मानी जाएँगीं तथा भविष्य में सरकारी सेवा में समायोजन का उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा। ये मानदेय आधारित कार्यकर्त्ता होंगी। इस योजना के लागू रहने तक ही कार्य कर सकेंगीं जिसके पश्चात् वह स्वतः सेवामुक्त हो जायेंगी।

**पूरी चयन प्रक्रिया सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका–2022 में निहित प्रावधान के आलोक में संपन्न की जाएगी।**

विस्तृत मार्गनिर्देश यथा–सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका–2022/आवेदन देने की प्रक्रिया आरक्षण/वार्ड सहित रिक्ति की पूर्ण विवरणी से संबंधित जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय/जिला प्रोग्राम कार्यालय (ICDS), पटना के सूचना पट्ट अथवा पटना जिला के अधिकारिक वेबसाईट **http://patna.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी
पटना